


खबरों में रहे स्टॉक


एलटीएम



डोमेन-विशिष्ट एआई का विस्तार करने के लिए यूनिफोर के साथ साझेदारी

₹ 4,203.2 पिछला बंद भाव
₹ 4,301.6 आज का बंद भाव
2.3 % ▲


रेलटेल कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया



आईटीएमएस परियोजना के लिए कर्नाटक परिवहन विभाग से आशय पत्र मिला

₹ 336.0 पिछला बंद भाव
₹ 340.5 आज का बंद भाव
1.3 % ▲


मैरिको



वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही के दौरान शुद्ध लाभ में दर्ज हुआ इजाफा

₹ 784.5 पिछला बंद भाव
₹ 807.1 आज का बंद भाव
2.9 % ▲


भारत इलेक्ट्रॉनिक्स



जीबीएमईएस की आपूर्ति के लिए भारतीय सेना से मिला 1,251 करोड़ रुपये का ऑर्डर

₹ 433.6 पिछला बंद भाव
₹ 433.7 आज का बंद भाव
0.02 % ▲

वोल्टएम्प ट्रांसफॉर्मर्स



वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ पिछले साल के मुकाबले 52 प्रतिशत लुढ़का

₹ 12,520.0 पिछला बंद भाव
₹ 10,082.0 आज का बंद भाव
-19.5 % ▼

संक्षेप में

एलऐंडटी को ओडिशा में मिला बड़ा ऑर्डर

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी लार्सन ऐंड टुब्रो (एलऐंडडी) ने मंगलवार को बताया कि उसे भारत कोल गैसीफिकेशन ऐंड केमिकल्स लिमिटेड (बीसीजीसीएल) से ऑर्डर मिला है। इस ऑर्डर का मूल्य 2,500 करोड़ रुपये से 5,000 करोड़ रुपये के बीच है। यह ऑर्डर ओडिशा में कोयले से अमोनियम नाइट्रेट वाली परियोजना के लिए है। बीसीजीसीएल, कोल इंडिया लिमिटेड और भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड का संयुक्त उद्यम है। ऑर्डर में नाइट्रिक एसिड और अमोनियम नाइट्रेट संयंत्र लगाना शामिल है। बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कंपनी ने शेयर बाजार को भेजी सूचना में कहा, 'चालू होने पर यह संयंत्र कोयले को अमोनियम नाइट्रेट में बदलने में सक्षम होगा। नियोजित उत्पादन क्षमता प्रति दिन 2,000 टन होगी।' *बीएस*

सैमसंग का जोर 'सैमसंग मोबाइल एडवांस' पर

सैमसंग ने कहा है कि उसकी भारत स्थित शोध इकाई ने 'सैमसंग मोबाइल एडवांस' का 2026 संस्करण पेश किया है। यह एक स्टार्टअप इनक्यूबेशन प्रोग्राम है, जिसका उद्देश्य अगली पीढ़ी की मोबाइल टेक्नॉलजीज को बढ़ावा देना है। बेंगलूरु और नोएडा आरऐंडडी केंद्रों द्वारा चलाई जाने वाली इस पहल को कंपनी की ओपन इनोवेशन पहल के तहत डीप-टेक स्टार्टअप को सैमसंग के मोबाइल तंत्र से जोड़ने के मकसद से शुरू किया गया है। *बीएस*

दीक्षित बने पोर्श इंडिया के ब्रांड निदेशक

स्कोडा आटो फॉक्सवैगन इंडिया ने मंगलवार को आशुतोष दीक्षित को भारत में पोर्श ब्रांड का निदेशक नियुक्त किये जाने की घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा कि दीक्षित की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू हो गयी है। वह मनोलिटो वूजिकिक की जगह लेंगे, जिन्होंने ग्रुप के बाहर नए अवसर तलाशने का फैसला किया है। *भाषा*

लार्सन ऐंड टुब्रो का मुनाफा 3 फीसदी घटा

शुभांगी माथुर
नई दिल्ली, 5 मई

वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र की दिग्गज कंपनी लार्सन ऐंड टुब्रो (एलऐंडटी) का समेकित शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 3 प्रतिशत घटकर 5,325.60 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी के प्रबंधन ने नतीजों के बाद बताया कि इस तिमाही में मुनाफे में गिरावट की वजह पिछले साल दर्ज किया गया असाधारण लाभ था, जबकि पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का इस पर सीमित असर ही देखने को मिला।



कंपनी का परिचालन से राजस्व चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 11 प्रतिशत बढ़कर 82,762.16 करोड़ रुपये हो गया। इस तिमाही के दौरान कंपनी ने 89,772 करोड़ रुपये का समेकित ऑर्डर प्रवाह दर्ज किया, जिसमें कमर्शियल और रेजिडेंशियल बिल्डिंग, सड़कें और रनवे, शहरी परिवहन, ट्रांसमिशन और वितरण और हाइड्रोकार्बन ऑनशोर बिजनेस सहित विभिन्न क्षेत्रों से मिले ऑर्डर शामिल थे। 31 मार्च, 2026 तक समूह की कुल ऑर्डर बुक 7.40 लाख करोड़ रुपये थी, जो पिछले साल के मुकाबले 28 प्रतिशत की बढ़ोतरी है। कुल ऑर्डर बुक में अंतरराष्ट्रीय ऑर्डरों का हिस्सा 52 प्रतिशत था। निदेशक मंडल ने प्रति शेयर 38 रुपये का अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है, जो शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है।

वित्त वर्ष 2026 के लिए, एलऐंडटी ने अपने समेकित शुद्ध लाभ में सालाना आधार पर 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की, जो बढ़कर 16,084 करोड़ रुपये हो गया। पूरे साल के लिए परिचालन से होने वाला राजस्व 12 प्रतिशत बढ़कर 2.85 लाख करोड़ रुपये हो गया। कंपनी को 4.35 लाख करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले, जो 31 मार्च को समाप्त हुए वर्ष के लिए सालाना आधार पर 22 प्रतिशत की वृद्धि है। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक एस एन सुब्रह्मण्यन ने बताया कि इस साल के दौरान एलऐंडटी ने नाभा पावर और एलऐंडटी मेट्रो रेल (हैदराबाद) लिमिटेड में अपनी पूरी हिस्सेदारी बेच दी। यह कदम कंपनी की उस रणनीति के अनुरूप है जिसके तहत वह कंसेशन पोर्टफोलियो से बाहर निकलना चाहती है। उम्मीद है कि ये सौदे 30 जून तक पूरे हो जाएंगे।

विभिन्न सेगमेंट का प्रदर्शन

कोर इन्फ्रास्ट्रक्चर सेगमेंट को 31 मार्च को समाप्त तिमाही के दौरान 43,477 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले, जो पिछले साल के मुकाबले 26 फीसदी ज्यादा है। इस तिमाही में कुल ऑर्डर में इंटरनैशनल ऑर्डरों का हिस्सा 67 फीसदी रहा। 31 मार्च तक इस सेगमेंट की ऑर्डर बुक 4.22 लाख करोड़ रुपये की थी, जिसमें इंटरनैशनल ऑर्डरों का योगदान 48 फीसदी था। एनर्जी प्रोजेक्ट्स सेगमेंट को वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही के दौरान 21,296 करोड़ रुपये के ऑर्डर मिले, जिसमें पिछले साल के मुकाबले 34 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। इसकी मुख्य वजह उच्च आधार रही। इस तिमाही के कुल ऑर्डर में इंटरनैशनल ऑर्डरों का हिस्सा 80 फीसदी रहा। हाई-टेक मैन्युफैक्चरिंग सेगमेंट ने भी चौथी तिमाही के दौरान ऑर्डर में 24 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई जिसकी मुख्य वजह लक्षित ऑर्डरों का टल जाना था। आईटी और टेक्नोलॉजी सर्विसेज सेगमेंट ने इस तिमाही के दौरान 14,078 करोड़ रुपये का कस्टमर राजस्व दर्ज किया, जो पिछले साल के मुकाबले 13 फीसदी ज्यादा है। फाइनैंशियल सर्विसेज़ सेगमेंट ने इस तिमाही के दौरान परिचालन से से होने वाली आय में पिछले साल के मुकाबले 22 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई, जो 4,669 करोड़ रुपये रही। एलऐंडटी ने कहा कि वैश्विक माहौल अभी भी चुनौतीपूर्ण है, जिसकी मुख्य वजहें भू-राजनीतिक मामले हैं, जिनके चलते व्यापार की स्थितियां बाधित हुई हैं।

एमक्योर फार्मा का मुनाफा 28%उछला

पुणे की एमक्योर फार्मास्युटिकल्स ने मंगलवार को घोषणा की कि मौजूदा वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में उसका समेकित शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 28.9 प्रतिशत बढ़कर 243.4 करोड़ रुपये हो गया। इस तिमाही में परिचालन राजस्व भी 16.7 प्रतिशत बढ़कर 2,469.7 करोड़ रुपये हो गया। मुनाफे में बढ़ोतरी का श्रेय अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत प्रदर्शन और कंपनी के घरेलू पोर्टफोलियो से नई पेशकशों में आई तेजी को दिया गया। ये नतीजे शेयर बाजार के खुले रहने के दौरान घोषित किए गए। एमक्योर का शेयर 5.2 प्रतिशत गिरकर बीएसई पर 1691.4 रुपये पर बंद हुआ।

एमक्योर फार्मास्युटिकल्स के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्याधिकारी सतीश मेहता ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय बाजारों में, खासकर यूरोप और कनाडा में, जेनेरिक बाजार की प्रकृति को देखते हुए वृद्धि का एक बड़ा हिस्सा नई दवाओं की पेशकश से आता है। दूसरी ओर, उभरते बाजारों में मुख्य कारोबार और नए उत्पादों की पेशकश, दोनों से संतुलित योगदान देखने को मिला है।' *बीएस*

मैरिको का शुद्ध लाभ 18.26 प्रतिशत बढ़ा

दैनिक उपयोग की घरेलू वस्तुएं बनाने वाली कंपनी मैरिको लिमिटेड का एकीकृत शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही में 18.26 प्रतिशत बढ़कर 408 करोड़ रुपये रहा। इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में कंपनी का मुनाफा 345 करोड़ रुपये रहा था। मैरिको लिमिटेड ने मंगलवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में परिचालन आय 3,333 करोड़ रुपये रही जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 2,730 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने कहा कि 5 मई 2026 को हुई निदेशक मंडल की बैठक में एक रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक शेयर पर चार रुपये का अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की गई है। यह कंपनी की आगामी 38वीं वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की मंजूरी पर निर्भर है। *भाषा*

महिंद्रा ऐंड महिंद्रा का मुनाफा 42 % बढ़ा

सोहिनी दास
मुंबई, 5 मई

महिंद्रा ऐंड महिंद्रा (एमऐंएम) ने वित्त वर्ष 26 की चौथी तिमाही के दौरान कर के बाद समेकित लाभ में पिछले साल के मुकाबले 42 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और यह बढ़कर 4,668 करोड़ रुपये हो गया। यह वृद्धि कंपनी के राजस्व में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी की बदौलत हुई, जो बढ़कर 54,982 करोड़ रुपये हो गया। समूचे वित्त वर्ष के दौरान एमऐंडएम का राजस्व 25 प्रतिशत बढ़कर 1,98,639 करोड़ रुपये हो गया, जबकि कर बाद लाभ (पीएटी) 32 प्रतिशत बढ़कर 17,099 करोड़ रुपये रहा। नतीजों के बाद बीएसई पर कंपनी के शेयर में 3.85 प्रतिशत की तेजी आई।

समूह के मुख्य कार्य अधिकारी और प्रबंध निदेशक अनीश शाह ने कहा, 'अपने सभी कारोबारों में जोरदार रफ्तार, मजबूत नींव और अनुशासित पूंजी आवंटन को देखते हुए हम अनिश्चित माहौल में भी वृद्धि को गति देने और उभरते अवसरों को हासिल करने के लिहाज से अच्छी स्थिति में हैं।'

वाहन कारोबार विकास के मुख्य चालक के रूप में उभरा। उसने बिक्री, बाजार हिस्सेदारी और मुनाफे में जोरदार बढ़त हासिल की। साथ ही अपने इलेक्ट्रिक वाहनों के पोर्टफोलियो का भी विस्तार किया। इस वर्ष के दौरान एसयूवी की बिक्री 6,60,000 तक पहुंच गई और राजस्व की बाजार हिस्सेदारी बढ़कर 25.3 प्रतिशत हो गई, जिससे कंपनी की अग्रणी स्थिति और भी मज़बूत हुई। कृषि मशीनरी कारोबार ने घरेलू मांग के समर्थन से जोरदार प्रदर्शन किया। हालांकि वैश्विक बाजार कमजोर बने रहे। चौथी तिमाही में इस श्रेणी ने दमदार वृद्धि दर्ज की, जबकि मार्जिन मजबूत बना रहा। ट्रैक्टर श्रेणी का मार्जिन तिमाही के दौरान 20.54 प्रतिशत रहा।

परिसंपत्ति की गुणवत्ता और व्यवस्थित वृद्धि पर स्पष्ट रूप से जोर देने के साथ वित्तीय सेवाएं स्थिर रहीं। सेवा कारोबारों ने भी दमदार प्रदर्शन किया। चौथी तिमाही का समेकित राजस्व 12,147 करोड़ रु. रहा, जो 23 प्रतिशत अधिक है, जबकि कर बाद लाभ 64 प्रतिशत बढ़कर 1,348 करोड़ रु. हो गया। समूचे वित्त वर्ष 26 के दौरान राजस्व 17 प्रतिशत बढ़कर 43,698 करोड़ रु. हो गया और कर बाद लाभ 54 प्रतिशत बढ़कर 4,960 करोड़ रु. हो गया।

वाहन क्षेत्र में एआई से 4,100 करोड़ रु के राजस्व की आस

अनीश शाह ने कहा कि आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) अब पूरे समूह में खासे परिणाम दे रही है और इसे मुख्य परिचालन में शामिल किया गया है। वाहन कारोबार में एआई-आधारित पहल से लगभग 4,100 करोड़ रुपये का राजस्व मिलने की उम्मीद है। साथ ही ग्राहक संतुष्टि में 2 से 3 प्रतिशत अंकों का सुधार और मॉडल विकास के समय में लगभग 10 प्रतिशत की कमी के आसार हैं।

वाहन कारोबार की क्षमता में हुआ विस्तार

कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्य अधिकारी (वाहन और कृषि क्षेत्र) राजेश जेजुरिकर ने क्षमता विस्तार की व्यवस्थित लेकिन स्थिर योजना की रूपरेखा पेश की, जो कंपनी की मॉडल लाने की योजना और मांग के अनुमान के अनुरूप है। वाहन कारोबार ने वित्त वर्ष 25 का समापन लगभग 59,000 वाहनों की मासिक क्षमता के साथ किया। इस क्षमता को बढ़ाकर लगभग 64,500 वाहन किया गया है।

पीएनबी का लाभ 14.4% बढ़कर हुआ 5,225 करोड़ रु

सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) का मुनाफा वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में सालाना आधार पर 14.4 प्रतिशत बढ़कर 5,225 करोड़ रुपये हो गया। ऋणदाता का इससे गत वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में मुनाफा 4,567 करोड़ रुपये रहा था। पीएनबी ने शेयर बाजार को मंगलवार को दी सूचना में बताया कि समीक्षाधीन तिमाही में बैंक की कुल आय हालांकि घटकर 36,319 करोड़ रुपये रह गई जो एक वर्ष पहले 36,705 करोड़ रुपये थी। ब्याज आय बढ़कर 31,989 करोड़ रुपये से बढ़कर 32,157 करोड़ रुपये हो गई। संपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर, बैंक की सकल गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां (एनपीए) सकल अग्रिमों की 2.95 प्रतिशत रहीं जो मार्च 2025 के अंत में 3.95 प्रतिशत थीं। इसी तरह, शुद्ध एनपीए 0.4 प्रतिशत से घटकर 0.29 प्रतिशत हो गए। बैंक के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2025-26 के लिए प्रति शेयर तीन रुपये के लाभांश की भी सिफारिश की है। यह बैंक की आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। *भाषा*

IndusInd Bank प्रथम तल, संगम टॉवर चर्च रोड, जयपुर-302001

परिशिष्ट IV-ए नियम 9(1) के तहत [नियम 8(6) का प्रावधान देखें] अचल संपत्ति की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (सरफैसी अधिनियम) के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल आस्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना।

जनसामान्य तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों), सह-कर्जदारों एवं जमानती(यों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक रखी गई हैं, जिनका **भौतिक कब्जा 25.03.2025** को **इंडसइंड बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है। प्रतिभूत परिसंपत्तियों को **"जैसा है जहाँ है", "जो है यही है", "जो कुछ भी है वही है" तथा "आश्रय रहित"** आधार पर निम्नलिखित कर्जदार, सह कर्जदार और जमानती से प्रतिभूत लेनदार को देय अतिरिक्त ब्याज, लागत और व्यय आदि सहित 18.04.2026 तक रु. 54,66,192/- (रुपए चौवन लाख छियासठ हजार एक सौ बानबे मात्र) की वसूली हेतु 29.05.2026 को बेचा जाएगा। आरक्षित मूल्य तथा जमा की जाने वाली धरोहर राशि क्रमशः नीचे उल्लिखित है।

यह कि, बैंक ने आरक्षित मूल्य तय कर दिया है तथा नीचे उल्लिखित धरोहर राशि (ईएमडी) केवल आईएमपीएस/आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से **"इंडसइंड बैंक लिमिटेड"** के पक्ष में जमा की जाएगी जिसका खाता संख्या 00073564611092, आईएफएससीः **INDB0000007**, तथा शाखा पताः नंबर 3, विलेज रोड, नुंगमबक्कम, चेन्नई-600034 है। निविदा दस्तावेज जमा करने से पहले, सफल बोलीदाता(ओं) को बिक्री मूल्य का 25% (बोली के साथ भुगतान की गई राशि का 10% घटाकर) ई-नीलामी की तिथि पर या अगले कार्य दिवस से पहले जमा करना होगा। बिक्री मूल्य का शेष 75% सरफैसी अधिनियम के अनुसार बिक्री पुष्टि पत्र की तिथि से 15 दिनों के भीतर जमा करना आवश्यक है।

कर्जदार, सह कर्जदार, जमानती का नाम और पता

मैसर्स काशी राम मूलचंद अपने प्रोपराइटर श्री कपिल पुंगलिया के माध्यम से (कर्जदार), श्री कपिल पुंगलिया (सह-कर्जदार), श्रीमती कंचन पुंगलिया (सह-कर्जदार) सभी निवासी पुंगलिया की गली, जोधपुर राजस्थान -342001

ऋण खाता संख्या	RDD00249N, RDD00423N, RDD00845N तथा RDD01119N
अचल संपत्ति/प्रतिभूत परिसंपत्ति का विवरण	मिर्ची बाजार जोधपुर राजस्थान में स्थित सम्पत्ति का समस्त भाग, माप क्षेत्रफल 250 वर्ग फीट
आरक्षित मूल्य	रु. 40,97,400/- (रुपये चालीस लाख सत्तानबे हजार चार सौ मात्र)
जमा धरोहर राशि (ईएमडी)	रु. 4,09,740/- (रुपये चार लाख नौ हजार सात सौ चालीस मात्र)
ई-नीलामी की तिथि और समय	29.05.2026 12:30 बजे अप. - 01.30 बजे अप.
ईएमडी सहित बोलियां जमा करने की अंतिम तिथि	27/05/2026, 4:00 बजे अप. तक
न्यूनतम बोली वृद्धि राशि :	रु.10,000/- (रुपए दस हजार मात्र)
संपत्ति के निरीक्षण की तिथि एवं समय	17/05/2026 11:00 बजे पूर्वा. से 01:00 बजे अप. तक (पूर्व अनुमति के साथ)
ई-नीलामी की वेबसाइट पता	https://www.bankeauctions.com

नियम एवं शर्तेः-1) ई-नीलामी "जैसा है जहाँ है", "जो है यही है", "जो कुछ भी है वही है" और "उपचार रहित" के आधार पर "ऑनलाइन" आयोजित की जा रही है 2) नीलामी इंडसइंड बैंक द्वारा अनुमोदित सेवा प्रदाता मेसर्स सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से वेब पोर्टल www.bankeauctions.com पर आयोजित की जाएगी। 3) बोली दस्तावेज, घोषणा, ऑनलाइन नीलामी बिक्री के सामान्य नियम और शर्तें प्रतिभूत ऋणदाता की वेबसाइट यानी https://www.indusind.com या सेवा प्रदाता की वेबसाइट यानी https://www.bankeauctions.com पर उपलब्ध हैं। 4) प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई ऋणभार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी बोली प्रस्तुत करने से पहले, नीलामी में रखी गई संपत्तियों के भार, स्वामित्व तथा संपत्ति/यों को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/बकायों के बारे में अपनी स्वतंत्र जांच करनी चाहिए, इस संबंध में, ई-नीलामी विज्ञापन इंडसइंड बैंक की किसी भी प्रतिबद्धता या किसी भी प्रतिनिधित्व का गठन नहीं करता है एवं न ही माना जाएगा। 5) इच्छुक बोलीदाता जिन्हें लॉगिन आईडी और पासवर्ड बनाने, डेटा अपलोड करने, बोली प्रस्तुत करने, ई-बोली प्रक्रिया पर प्रशिक्षण आदि में सहायता की आवश्यकता है, वे मेसर्स सी 1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नंबर 68, तीसरी मंजिल, सेक्टर 44, गुड़गांव, 122003 हरियाणा से संपर्क कर सकते हैं। सहायता संख्याः 7291981124,25,26, और संपर्क श्री भाविक- 8866682937 (प्रबंधक बैंकईऑक्शन्स) सहायता ई-मेल आईडीः support@bankeauctions.com एवं संपत्ति से संबंधित किसी भी प्रश्न हेतु प्राधिकृत अधिकारी श्री घनश्याम पंचारिया- दूरभाष : 8769889898 से संपर्क कर सकते हैं। 6) कृपया ध्यान दें कि अंग्रेजी और स्थानीय भाषा में प्रकाशित ई-नीलामी नोटिस के बीच किसी भी विसंगति या असंगति की स्थिति में अंग्रेजी में प्रकाशित सूचना की सामग्री मान्य होगी। 7) प्राधिकृत अधिकारी/प्रतिभूत ऋणदाता किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकाया के लिए किसी भी तरह से उत्तरदायी नहीं होगा। 8) बिक्री वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूत हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत निर्धारित नियमों/शर्तों के अधीन होगी।

सरफैसी अधिनियम, 2002 के तहत वैधानिक 15 दिन की बिक्री सूचना

तिथि: 06.05.2026, स्थानः जोधपुर (राजस्थान) प्राधिकृत अधिकारी (इंडसइंड बैंक लिमिटेड)

स्मार्टफोन की आपूर्ति 12% तक घटने का अनुमान

मेमरी चिप की कीमतों में तेज बढ़ोतरी होने से इस साल भारत में स्मार्टफोन की आपूर्ति 10-12 प्रतिशत तक घट सकती है। बाजार शोध फर्म सीएमआर की एक रिपोर्ट में मंगलवार को यह जानकारी दी गई। सीएमआर की 'इंडिया मोबाइल हैंडसेट मार्केट रिव्यू' रिपोर्ट के मुताबिक देश के स्मार्टफोन बाजार में सालाना आधार पर आपूर्ति में दो प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि डीआरएएम और एनएएनडी फ्लैश जैसी मेमरी की कीमतों में तेज वृद्धि से फोन की लागत बढ़ गई, जिससे कंपनियों को कीमतें बढ़ानी पड़ीं। *भाषा*

किरण मजूमदार-शॉ ने भतीजी को बनाया वारिस

सोहिनी दास
अहमदाबाद, 5 मई

बायोटेक क्षेत्र की दिग्गज कंपनी बायोकॉन अब उत्तराधिकार के दौर में प्रवेश कर रही है। कंपनी की संस्थापक और चेयरपर्सन किरण मजूमदार-शॉ ने अपनी भतीजी क्लेयर मजूमदार को अपना भावी उत्तराधिकारी घोषित किया है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब कंपनी अपने विकास के अगले चरण की तैयारी कर रही है और इससे नेतृत्व में निरंतरता का संकेत मिलता है।

हाल में एक साक्षात्कार में मजूमदार-शॉ ने कहा कि उन्होंने चरणबद्ध तरीके से बदलाव की योजना बनाई है, जिसके तहत क्लेयर धीरे-धीरे नेतृत्व की भूमिका में आएंगी और आखिरकार चेयरपर्सन का पद संभाल लेंगी। बदलाव की प्रक्रिया अगले पांच साल में पूरी होने की उम्मीद है। मजूमदार-शॉ ने संकेत दिया है कि वह तुरंत पद नहीं छोड़ रही हैं, बल्कि वह एक व्यवस्थित तरीके से पदभार सौंपना चाहती हैं।

उन्होंने कहा कि उन्हें यह सुनिश्चित करने की जरूरत होगी कि बायोकॉन को 'सही हाथों में' सौंपा जाए। मजूमदार-शॉ ने कहा, 'मैंने अपनी भतीजी क्लेयर को अपनी उत्तराधिकारी के तौर पर देखा है, क्योंकि मुझे लगता है कि उसने यह साबित कर दिया है कि वह एक कंपनी चला सकती है।' सोशल मीडिया पर कई पोस्ट में, मजूमदार-शॉ ने कहा, 'क्लेयर सही समय पर मेरी जगह लेगी, इसलिए मैं अभी रिटायर होने की योजना नहीं बना रही हूं।'

बाजार की प्रतिक्रिया थोड़ी सकारात्मक रही। इस घोषणा के बाद मंगलवार को बीएसई पर बायोकॉन का शेयर लगभग 2.36 प्रतिशत चढ़ गया, जो निवेशकों के उस भरोसे को दर्शाता है कि उत्तराधिकार की रूपरेखा स्पष्ट रूप से पेश की गई है और प्रवर्तक का नियंत्रण बना रहेगा।

37 वर्षीय क्लेयर मजूमदार को वैज्ञानिक प्रशिक्षण और उद्यमिता का अनुभव है। वह बिकारा थेरेप्यूटिक्स की संस्थापक और मुख्य कार्यकारी हैं। यह एक क्लिनिकल-स्टेज ऑन्कोलॉजी कंपनी है जो ट्यूमर के लिए बाइफंक्शनल एंटीबॉडीज के विकास से जुड़ी हुई है।

बिकारा में उन्होंने स्ट्रैटजी, कोष जुटाने और भागीदारियों की जिम्मेदारी संभाली और कंपनी को शुरुआती शोध के दौर से नैस्डैक में लिस्टिंग तक पहुंचाया, जो कि पहली बार कंपनी शुरू करने वाले किसी संस्थापक के लिए एक असाधारण सफर है। बिकारा वर्ष 2024 में 80 करोड़ डॉलर से ज्यादा के मूल्यांकन के साथ नैस्डैक में सूचीबद्ध हुई थी। अब इसका बाजार पूंजीकरण 1.6 अरब डॉलर से भी अधिक है, जबकि इसकी मुख्य कैंसर थेरेपी अभी भी क्लिनिकल ट्रायल में है।

उन्होंने एमआईटी से बायोलॉजिकल इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ साइंस, स्टेनफर्ड ग्रैजुएट स्कूल ऑफ बिजनेस से एमबीए और स्टेनफर्ड स्कूल ऑफ मेडिसिन से कैंसर बायोलॉजी में पीएचडी की डिग्री हासिल की है।

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda

ई-नीलामी बिक्री सूचना

आरओएसएआरबी, सूरज अंचल, पहली मंजिल, बैंक ऑफ बड़ौदा, उधना उद्योग व्यापार संघ के सामने, जीआईडीसी उधना, सूरत-394210 । दूरभाषः 9499555022

दिनांकः 10.06.2026
समयः अपराह्न 2.00 बजे से शाम 6.00 बजे तक

वित्तीय सम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 6(2) एवं 8(6) के प्रावधान के अधीन अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना

एतद्द्वारा आम तौर पर जनसाधारण तथा विशेष रूप से कर्जदार(ों) / गिरवीदाता तथा गारंटर(ों) को सूचना दी जाती है कि नीचे उल्लेखित अचल एवं चल सम्पत्तियां प्रत्याभूत ऋणदाता के पास गिरवी रखी गई/प्रभारित की गई है, जिस पर बैंक ऑफ बड़ौदा, प्रत्याभूत ऋणदाता के अधिकृत अधिकारी द्वारा कब्जा कर लिया गया है, जिसे नीचे उल्लेखित खातों से संबंधित बकाया रकम की वसूली के लिए **"जैसे है जहां है", "जैसे है जो कुछ है", "वहां जो कुछ है" तथा "बिना किसी दायित्व"** के आधार पर बिक्री की जाएगी। चिन्हित की गई किसी भी बकाया रकम के भुगतान करने की जिम्मेदारी क्रेता पर होगी, इस संबंध में बैंकर पर कोई भी दायित्व नहीं होगा

क्र. सं.	कर्जदारों/गारंटरों/ गिरवीदाताओं के नाम	सम्पत्ति का स्वत्वाधिकारी	सम्पत्ति का विवरण	बकाया लाख में + ब्याज एवं शुल्क (घटाव वसूल की गई कोई भी रकम)	आरक्षित मूल्य ईएमडी (लाख में)	सम्पत्ति की प्रकृति	कब्जा का प्रकार
01.	मैसर्स हरे कृष्ण सिल्क मिल्स स्वत्वाधिकारी राजीव अग्रवाल	श्री ओम प्रकाश अग्रवाल पुत्र कन्हैयालाल अग्रवाल	पट्टा सं. 63, वार्ड सं. 34 नया (पुराना 28) मोहल्ला शेखपुरा, डॉ. इंदराज सिंह के मकान के निकट, मोहल्ला खतियान, तहसील एवं जिला सीकर, राजस्थान में स्थित 200.00 वर्ग यार्ड परिमाप की आवासीय भूमि एवं भवन, यह श्री ओमप्रकाश अग्रवाल पुत्र श्री कन्हैया लाल अग्रवाल से संबंधित है, प्लॉट की चौहद्दी निम्नानुसारः पूर्वः भगवती देवी की सम्पत्ति (वर्तमान स्वत्वाधिकारी ओमप्रकाश अग्रवाल), पश्चिमः राजेन्द्र की सम्पत्ति, उत्तरः गिजराज जिनोदिया एवं सुशील जिनोदिया की सम्पत्ति, दक्षिणः नटवर लाल अग्रवाल का नोहरा **एवं** पट्टा सं. 63, वार्ड सं. 34 नया (पुराना 28) मोहल्ला शेखपुरा, डॉ. इंदराज सिंह के मकान के निकट, मोहल्ला खतियान, तहसील एवं जिला सीकर, राजस्थान में स्थित 200.00 वर्ग यार्ड परिमाप की आवासीय भूमि एवं भवन का द्वितीय भाग, यह श्री ओमप्रकाश अग्रवाल पुत्र श्री कन्हैया लाल अग्रवाल से संबंधित है, प्लॉट की चौहद्दी निम्नानुसारः पूर्वः सार्वजनिक रास्ता, पश्चिमः संजय कुमार का प्लॉट, उत्तरः गिजराज जिनोदिया एवं सुशील जिनोदिया की सम्पत्ति, दक्षिणः नटवर लाल अग्रवाल का नोहरा।	104.62 लाख + ब्याज एवं वैध शुल्क	225.00 22.50	आवासीय मकान	भौतिक
02.	मैसर्स अन्नापूर्णा फैशन स्वत्वाधिकारी सुमित्रा ओम प्रकाश अग्रवाल			97.68 लाख + ब्याज एवं वैध शुल्क			
03.	मैसर्स सान्या टेक्सटाइल स्वत्वाधिकारी पूजा राजीव अग्रवाल			97.60 लाख + ब्याज एवं वैध शुल्क			

सरफेसी अधिनियम के अधीन कर्जदार/गारंटर/गिरवीदाता के लिए 30 दिनों की वैधानिक बिक्री सूचना
न्यूनतम बोली वृद्धि रकम रु. 1,00,000/- (रु. एक लाख मात्र) । निरीक्षण शुरू होने की तारीखः 06/05/2026

बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए कृपया वेबसाइट लिंक **https://www.bankofbaroda.bank.in/e-auction.htm** तथा ऑनलाइन नीलामी पोर्टल **https://baanket.com** देखें/अवलोकन करें। प्रत्याशित बोलीदातागण अधिकृत अधिकारी से मोबाइल नं. 9499555022 पर सम्पर्क कर सकते हैं। (इस नीलामी सूचना के अंग्रेजी संस्करण तथा अन्य किसी भी भाषा के संस्करण के बीच किसी भी तरह की विसंगति रहने पर, अंग्रेजी संस्करण मान्य होगा)

इसे स्कैन करें
विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए

तारीख : 05/05/2026 । स्थान : सूरत । सम्पत्ति के लिए सम्पर्क करें : श्री प्रमोद कुमार : 9499555022 अधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा

शोरूम से बिके रिकॉर्ड 26.1 लाख वाहन : फाडा

शाइन जेकब
चेन्नई, 5 मई

वाहनों की खुदरा बिक्री में अप्रैल महीने की अब तक की सबसे अधिक बिक्री हुई है। इस साल अप्रैल में 26.1 लाख वाहन बिके जो पिछले अप्रैल की तुलना में 12.94 प्रतिशत अधिक है। यह वृद्धि मुख्य रूप से शहरों के मुकाबले ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन के कारण हुई, जिसने जीएसटी 2.0 की रफ्तार को बरकरार रखा। उद्योग के आंकड़ों के साथ-साथ फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) की ओर से साझा आंकड़ों के अनुसार छह में से पांच वाहन श्रेणियों ने अप्रैल की बिक्री में रिकॉर्ड दर्ज किया। इन श्रेणियों में दोपहिया (13 प्रतिशत), तिपहिया (7 प्रतिशत), यात्री वाहन (12 प्रतिशत), वाणिज्यिक वाहन (15 प्रतिशत) और ट्रैक्टर (23.22 प्रतिशत) शामिल हैं। बिक्री में गिरावट केवल निर्माण उपकरण श्रेणी में ही देखी गई, जिसमें 2 प्रतिशत की कम आई। फाडा के उपाध्यक्ष साई गिरिधर ने कहा, 'इस रफ्तार के साथ हम वित्त वर्ष 27 में दो अंकों की वृद्धि की उम्मीद कर रहे हैं। इस शानदार प्रदर्शन के कारण थे- जीएसटी 2.0 के बाद खर्च उठाने की बेहतर क्षमता, भारतीय रिजर्व बैंक का ब्याज दरों के प्रति मददगार रुख, जिससे ईएमआई की बेहतर सुविधा मिली और शादी-विवाह का जोरदार सीजन।' उन्होंने कहा, 'इससे स्पष्ट रूप से जाहिर होता है कि वित्त वर्ष 26 की दूसरी छमाही में संरचनात्मक मांग की जो गति देखने को मिली थी, वह नए वित्त वर्ष में भी जारी है।'

जयपुर संस्करण : बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक नंदन सिंह रावत द्वारा पृथ्वीस दास, डी.बी. कॉर्प लिमिटेड 10, जेएलएन मार्ग, मालवीय नगर, जयपुर - 302015 से मुद्रित एवं बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, सी/ओ आरना कोवर्किंग ऐंड बिज़नेस हब, सी-31, प्रथम तल, पंकज सिंघवी मार्ग, लालकोठी, जयपुर - 302005 से प्रकाशित
संपादक : कैलाश नौटियाल, पीआरजीआई रजिस्ट्रेशन नं. RJHIN/25/A1419 पाठक संपादक को lettershindi@bsmail.in पर संदेश भेज सकते हैं।
सबस्क्रिप्शन और सर्कुलेशन के लिए संपर्क करें... सुश्री मानसी सिंह हेड, कस्टमर रिलेशन्स बिज़नेस स्टैंडर्ड प्राइवेट लिमिटेड, एच/4, बिल्डिंग एच, पैरागन सेंटर, बिड़ला सेंचुरियन के सामने, पी बी मार्ग, वर्ली, मुंबई-400013 ईमेल.. subs_bs@bsmail.in या 57575 पर एसएमएस करें REACHBS कोई हवाई अधिभार नहीं